# जापान में अभ्यास करेंगे भारत के सुखोई फाइटर जेट

युद्धाभ्यास

## युद्धाभ्यास में हिस्सा लेने के लिए भारत अत्याधुनिक सुखोई–30 फाइटर जेट भेजने जा रहा है

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

टोक्यो। चीनी ड्रैगन के साथ बढ़ते तनाव के बीच भारत और जापान की वायुसेना एकसाथ युद्धाभ्यास करने जा रही हैं। इस अहम युद्धाभ्यास में हिस्सा लेने के लिए भारत अपने अत्याधुनिक सुखोई–30 फाइटर जेट भेजने जा रहा है। दोनों वायुसेनाओं के बीच यह अभ्यास पहले वर्ष 2020 में होना था लेकिन उसे कोरोना वायरस के कारण स्थगित कर दिया गया था। यह अभ्यास ऐसे समय पर हो रहा है जब पूर्वी चीन सागर और पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ क्रमशः जापान और भारत का तनाव काफी बढ़ा हुआ है।

जापानी अखबार सानकेई शिमबून ने बताया कि चीन के खतरे को देखते हुए इस साल के आखिर तक यह भारतीय–जापानी अभ्यास हो सकता है। भारतीय वायुसेना के सुखोई–30 विमान, अमेरिका के एफ–15 और ब्रिटिश टाइफून फाइटर जेट आपस में अभ्यास कर चुके हैं।



हालांकि जापानी वायुसेना के फाइटर पायलट के साथ रूसी मूल के विमान के साथ मुकाबला दुर्लभ माना जा रहा है। जापानी वायुसेना अमेरिका निर्मित एफ–15, एफ–2 और हाल ही में मिले दुनिया के सबसे आधुनिक विमान एफ–35 का इस्तेमाल करती है।

**सुखोई–30 विमानों के साथ अभ्यास का महत्व काफी अधिकः** जापान की वायुसेना न केवल चीन के सुखोई–30 विमानों बल्कि रूसी सुखोई–30 विमानों का अक्सर सामना करती रहती है। जापान का रूस के साथ क्षेत्रीय विवाद चल रहा है। चीन और रूस दोनों ही सुखोई सीरिज के कई विमानों का इस्तेमाल करते हैं। इस अभ्यास से जापानी वायुसेना सुखोई जेट के खिलाफ जंग के गुर सीख सकती है। जापान के कनागवा यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञ कोरे वॉलेस ने कहा, जापान का भारतीय वायुसेना के सुखोई–30 विमानों के साथ अभ्यास का महत्व काफी अधिक हो सकता है।

वॉलेस ने कहा कि इस अभ्यास से जापानी पायलट सुखोई–30 की हवाई कौशल, रेंज, ईंधन की खपत और मेंटेनेंस आदि के बारे में जानकारी मिल सकती है। यह युद्ध के दौरान रणनीति बनाने में काफी कारगर हो सकता है। उन्होंने कहा कि भारत के सुखोई कई खास क्षमता से लैस हैं जिनके बारे में भी जापानी सेना को जानकारी मिल सकती है। माना जा रहा है कि इस अभ्यास का मकसद चीन को सख्त संदेश देना है जो भारत और जापान दोनों के लिए खतरा बना हुआ है। स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञ अर्जान तारापोर कहते हैं कि भारत अच्छी तरह से जानता है कि चीन के खिलाफ फायदे की सबसे अच्छी स्थिति यह है कि वह जापान जैसे एक समान सोच वाले देश के साथ गठजोड़ करे। उन्होंने कहा कि गठजोड़ का निर्माण चीन को सबसे ज्यादा डराता है। इस अभ्यास की योजना उस समय बनी थी जब दिसंबर 2018 में जापान ने अपने सी–2 ट्रांसपोर्ट विमान को आगरा भेजा था। भारतीय वायुसेना के सी–17 विमान के साथ जापानी विमान ने अभ्यास किया था।

## न्यूज डायरी



### एक्वाडोर की जेल में हुई गैंग–वार में 116 लोग मारे गए, छह के सिर धड़ से अलग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** क्विटो। एक्वाडोर की एक जेल में कैदियों के बीच दंगा भड़कने के बाद मरने वालों की तादाद 116 तक पहुंच गई है। इनमें से छह लोगों के सिर, धड़ से अलग कर दिए गए। जेल प्रशासन के अनुसार भारी तनाव के बीच जेल के अंदर से दस शवों को बाहर निकालने के प्रयास जारी हैं। यह गैंग जेल में ड्रग तस्करी के धंधे में बढ़त लेने के लिए आपस में लड़ते रहते हैं। इस दक्षिण अफ्रीकी देश एक्वाडोर के गुयास प्रांत में स्थित रेनिटेनसीरिया डेल लिटोरल की एक जेल में मंगलवार की रात को गैंग–वार शुरू हो गई। इस हमले में कैदियों के परिवारों के सदस्य भी मारे गए हैं। पुलिस चेहरे पर चोट के निशान और शरीर बने टैटू की मदद से इन क्षत–विक्षत शवों को पहचान रही है। सिनाई जेल के बाहर जेल के प्रमुख बोलिवर गार्जन ने बताया कि पुलिस बल और अभियोजन अधिकारी की मदद से करीब दस और शवों को वहां से बाहर निकाला जा चुका है।

### कोरोना वैक्सीन न लेने वालों की हवाई यात्रा पर पाकिस्तान ने लगाई रोक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान सिविल एविएशन आथरिटी ने कोविड वैक्सीन न लेने वाले यात्रियों के हवाई सफर करने पर रोक लगा दी है। ऐसा संक्रमण की दर पर काबू पाने के लिए किया गया है। इसके अलावा ये फैसला यात्रियों को वैक्सीनेशन के प्रति जागरुक करने के लिए भी किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि ये फैसला भविष्य में कोरोना के बेकाबू होने और इसकी रोकथाम के तहत लाकडाउन लगाने से बचने के लिए भी लिया गया है। नेशनल कमांड एंड आपरेशन सेंटर (एनसीओसी) और पाकिस्तान सिविल एविएशन आथरिटी द्वारा जारी नोटिफिकेशन में कहा गया है कि 1 अक्टूबर से 18 वर्ष से ऊपर का केवल वही व्यक्ति हवाई सफर कर पाएगा जो पूरी तरह से वैक्सीनेटेड हो चुका होगा। सफर करने वालों को सफर करने से पहले अपना कोविड–19 वैक्सीनेशन का सर्टिफिकेट भी दिखाना अनिवार्य होगा।

### रोमानिया के अस्पताल में आग लगने से 9 लोगों की मौत, कई घायल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बुखारेस्ट। रोमानिया के बंदरगाह शहर कोन्स्तांता के एक अस्पताल में शुक्रवार सुबह लगी आग में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रोमानिया के आपातकालीन स्थिति निरीक्षण कार्यालय ने कहा कि सभी मरीजों को संक्रामक रोगों के कोन्स्तांता अस्पताल से निकाल लिया गया है और मध्याह्न तक आग बुझा ली गई थी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ज्यादा जानकारी प्रेस वार्ता में दी जाएगी। उसका समय अभी नहीं बताया गया है। बयान में कहा गया कि 113 मरीज अस्पताल की चिकित्सा इकाई में थे, जिनमें से 10 गहन चिकित्सा इकाई के मरीज थे। 1.9 करोड़ की आबादी वाले यूरोपीय संघ के देश रोमानिया में पिछले एक साल के भीतर दो अन्य अस्पताल में घातक आग लगी है, जिसने देश के पुराने अस्पतालों के बुनियादी ढांचों के बारे में चिंताएं बढ़ा दी हैं।

### पुर्तगाल पहुंची अफगान महिला फुटबॉल टीम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लिस्बन। अफगानिस्तान में तालिबान की वापसी के बाद कई लोग अपना घर और जमीन छोड़ने के लिए मजबूर हुए। अफगान राष्ट्रीय महिला युवा फुटबॉल टीम की खिलाड़ी भी उनमें से एक हैं। 15 साल की फुटबॉल खिलाड़ी सारा कहती हैं कि अपने घर अफगानिस्तान को छोड़ना दर्दनाक था। लेकिन अब वह पुर्तगाल में हैं और सुरक्षित हैं। भविष्य में वह प्रफेशनल फुटबॉल प्लेयर बनना चाहती हैं। उनका सपना अपने पसंदीदा खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो से मिलने का है। पुर्तगाल ने इन खिलाड़ियों को शरण दी है। अपनी मां और साथी खिलाड़ियों के साथ लिस्बन में घूमते हुए सारा कहती हैं कि अब वह आजाद हैं। उन्होंने कहा, श्मैं रोनाल्डो की तरह फुलबॉल प्लेयर और पुर्तगाल की एक बड़ी महिला व्यवसायी बनना चाहती हूं।

## एलियंस से जंग हुई तो बुरी तरह हार जाएगा इंसान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कैलिफोर्निया। एलियंस पर अध्ययन करने वाले दुनिया के मशहूर वैज्ञानिक का मानना है कि अगर कभी यूएफओ ने हमारी धरती पर हमला कर दिया तो हम तबाह हो जाएंगे। "मजी" वेजा ने कहा कि अगर कभी ऐसा होता है तो यह पूरी दुनिया के लिए संकट पैदा कर देगा। और इसके लिए सिर्फ हम जिम्मेदार होंगे जो आज इस आशंका को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। अब तक एलियंस को लेकर कई तरह के दावे किए जा चुके हैं लेकिन किसी भी दावे की पुष्टि नहीं हुई है।

वैज्ञानिक को उम्मीद है कि एक दिन वह अंतरिक्ष में दूर किसी कोने में स्थित किसी अज्ञात सभ्यता से संपर्क स्थापित कर पाएंगे। लेकिन उन्होंने चेतावनी दी कि अगर युद्ध हुआ तो हमारी हार निश्चित है। कैलिफोर्निया के सिलिकन वैली में स्थित "म्ज" इंस्टीट्यूट एलियंस पर रिसर्च के लिए पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है। "मजी इस संस्थान में वरिष्ठ खगोल विज्ञानी हैं और वह एलियंस को लेकर लंबे समय से जारी रिसर्च का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि अगर किसी दिन एलियंस से संपर्क हुआ तो यह बहुत बड़ी खबर होगी। अन्य लोग भी इसके लिए प्रयास करेंगे और यह खोज विज्ञान को बदल देगी।



इंस्टाग्राम पर मॉडल की आलीशान जिंदगी का जलवा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ब्रातिस्लावा। इंस्टाग्राम की एक मॉडल और उसके पति पर पुलिस ने गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस का आरोप है कि दोनों एक हाई प्रोफाइल ड्रग्स गैंग के सदस्य हैं। छापेमारी के दौरान पुलिस ने 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान भारी मात्रा में ड्रग्स, हथियार और हजारों यूरो कैश बरामद किया गया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में 30 साल की मॉडल Zuzana Plackova भी शामिल हैं। अधिकारियों ने स्लोवाकिया के Bratislav स्थित मॉडल के अपार्टमेंट पर छापा मारा। इस दौरान कई अवैध वस्तुओं के बरामद किए जाने के बावजूद प्लाकोवा और उनके पति रेने स्ट्रॉज तमाम आरोपों को खारिज करते रहे।

## भांग बेच देश चलाएंगे इमरान खान, पाक के पहले खेत का उद्घाटन करने पहुंचे मंत्री

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की कंगाली अब खुलकर सामने आ रही है। सरकार अब पैसे जुटाने के लिए तरह–तरह के उपाय कर रही है। पाकिस्तान के सूचना एवं प्रसारण मंत्री फवाद चौधरी ने देश के पहले भांग के खेत का उद्घाटन किया है। इस मौके पर उन्होंने विज्ञान एवं तकनीक मंत्रालय और खासकर पाकिस्तान काउंसिल ऑफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च को सम्मानित किया।

**करोड़ों डॉलर कमाने का सपना** भांग एक मादक पदार्थ होता है लेकिन दुनिया में कई जगह इसका इस्तेमाल मेडिकल रूप में भी किया जाता है। पाकिस्तान सरकार भांग की खेती को बढ़ावा देना चाहती है ताकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसे बेचकर मोटी कमाई की जा सके। ट्विटर पर फवाद चौधरी ने कहा कि इस परियोजना को आगे बढ़ते देखना बेहद खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान करोड़ों डॉलर के भांग उद्योग में अहम भागीदार बनने जा रहा है।

**हर पाकिस्तान के ऊपर लाखों का कर्ज**

अगस्त में खबर आई कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने देश की आर्थिक हालत सुधारने के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से 2.75 बिलियन डॉलर का कर्ज लिया। भारतीय रुपए में कर्ज की यह राशि 20 हजार करोड़ रुपए से भी ज्यादा बैठती है। पहले से ही हर पाकिस्तानी नागरिक के ऊपर 1 लाख 75 हजार रुपये का कर्ज चढ़ा हुआ है। ऐसे में नए–नए कर्ज लेकर इमरान खान देश का बेड़ा गर्क करने की राह पर बढ़ते दिखाई दे रहे हैं।

**इमरान खान के आने से बुरे हुए हालातः** पाकिस्तान यह कर्ज ऐसे समय पर ले रहा है जब पिछले साल पाकिस्तान की संसद में इमरान खान सरकार ने कबूल किया है कि अब हर पाकिस्तानी के ऊपर अब 1 लाख 75 हजार रुपये का कर्ज है। कर्ज का यह बोझ पाकिस्तानियों के ऊपर पिछले दो साल में बढ़ा है।

### मशहूर वैज्ञानिक ने दी चेतावनी, एलियंस से जंग हुई तो बुरी तरह हार जाएगा इंसान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कैलिफोर्निया। एलियंस पर अध्ययन करने वाले दुनिया के मशहूर वैज्ञानिक का मानना है कि अगर कभी यूएफओ ने हमारी धरती पर हमला कर दिया तो हम तबाह हो जाएंगे। Seth Shostak ने कहा कि अगर कभी ऐसा होता है तो यह पूरी दुनिया के लिए संकट पैदा कर देगा। और इसके लिए सिर्फ हम जिम्मेदार होंगे जो आज इस आशंका को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। अब तक एलियंस को लेकर कई तरह के दावे किए जा चुके हैं लेकिन किसी भी दावे की पुष्टि नहीं हुई है। SETI इंस्टीट्यूट में खगोल विज्ञानी ने डेलीस्टार से बात करते हुए कहा, श्अगर एलियंस धरती पर आए और हमला किया तो हम कुछ भी नहीं कर पाएंगे।श् वैज्ञानिक को उम्मीद है कि एक दिन वह अंतरिक्ष में दूर किसी कोने में स्थित किसी अज्ञात सभ्यता से संपर्क स्थापित कर पाएंगे। लेकिन उन्होंने चेतावनी दी कि अगर युद्ध हुआ तो हमारी हार निश्चित है। उन्होंने कहा कि अगर किसी दिन एलियंस से संपर्क हुआ तो यह बहुत बड़ी खबर होगी।